बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

25 मार्च, 2022

[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह].

Total Short Notice Question- 6

घाट का निर्माण

*108 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला की पुनपुन नगर पंचायत के पकड़ी गांव स्थित पुनपुन नदी पर 2 करोड़ 45 लाख की लागत से चार सौ मीटर लम्बा घाट के निर्माण हेतु मार्च 2020 में ही एजेंसी का चयन कर लिया गया था, लेकिन अबतक घाट का निर्माण नहीं हो सका है, यदि हां तो निर्माण नहीं होने का क्या औचित्य है, और सरकार कबतक इस घाट का निर्माण करायेगी ?

जल-जमाव से मुक्ति

*109 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि द्वितीय कृषि रोड मैप निस्सरण प्रक्षेत्र कार्यक्रम (वर्ष-

2017-2022) के अंतर्गत राज्य में 9.41 लाख हे. में जल जमाव से ग्रसित क्षेत्रों को मुक्त करने का लक्ष्य था;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित 9.41 लाख हे. के विरुद्ध मात्र 1.87 लाख हे. क्षेत्रों में ही जल-जमाव से मुक्त करने कार्य किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष बचे हुए जल-जमाव से ग्रसित क्षेत्रों का कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

नलकूप चालू कबतक

*110 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के लगभग 80 (अस्सी) प्रतिशत नलकूपों के खराब होने के कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिवहर जिले के सभी खराब नलकूपों को ठीक कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

कौन-सी कार्रवाई

*111 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला परिवहन कार्यालय के सरकारी खाता में शुल्क जमा किए बगैर 67 वाहनों का द्वितीय स्मार्ट कार्ड जारी कर दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि कागजात की जांच किये बगैर गाड़ी के स्मार्ट कार्ड बनने से चोरी की गाड़ी का भी द्वितीय स्मार्ट कार्ड जारी हो जाता है, जो कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर स्थिति पैदा कर देता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड (क) के लिए जिम्मेवार कर्मी के खिलाफ अबतक कौन-सी कार्रवाई की गई है ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

***112 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि द्वितीय कृषि रोड मैप 2012-2017 में भू-जल प्रबंधन जैसे चेक डैम से 1.688 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का सृजन करना था, जिसका सृजन नहीं हो सका है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्णित द्वितीय कृषि रोड मैप में विगत पांच वर्षों में कुल 30.362 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता सृजित करना था, जिसके विरुद्ध 6.839 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता का सृजन हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लक्ष्य के अनुरूप सिंचाई क्षमता सृजन पूर्ण नहीं करने वाले दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

नदी को पुनर्जीवित करने पर विचार

***113 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के बेलवा से मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर तक बागमती नदी की पुरानी धारा में गाद हो जाने के कारण पानी का प्रवाह कम रहने के कारण नदी के दोनों तरफ लगभग हजारों एकड़ जमीन में सिंचाई नहीं हो पाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बागमती नदी की पुरानी धारा में से गाद को निकालकर नदी को पुनर्जीवित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?